Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up Kendriya Vidyalaya in Mungeli, Bilaspur Parliamentary Constituency in Chhattisgarh

श्री अरूण साव (बिलासपुर) : माननीय सभापति जी, मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत मुंगेली, बिलासपुर और गौरेला-पिंड्रा-मरवाही में एक-एक केन्द्रीय विद्यालय खोलने का प्रस्ताव लम्बे समय से विचाराधीन है । आज माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने 'नई शिक्षा नीति' लागू करके, शिक्षा को सर्वव्यापी, उपयोगी और विश्वस्तरीय बनाने का निर्णय लिया है । मेरे क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है । उन्हें अच्छी शिक्षा और अवसर की आवश्यकता है ।

अत: मैं माननीय शिक्षा मंत्री डॉक्टर रमेश पोखरियाल जी से आग्रह करता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत मुंगेली, बिलासपुर और गौरेला-पिंड्रा-मरवाही में एक-एक केन्द्रीय विद्यालय खोलने के लिए शीघ्र कार्रवाही करने की कृपा करें । धन्यवाद ।